IF YOU SUSPECT IT
REPORT IT
CHEMICAL SECURITY



कई घरेलू रसायनों का इस्तेमाल बम बनाने के लिए किया जा सकता है।

जानकारी का सबसे छोटा टुकड़ा भी एक घातक स्थिति को रोकने में मदद कर सकता है।

बाली, लंदन और मुंबई के आतंकवादी हमलों जैसी गतिविधियों में ऐसे कई रसायनों का उपयोग किया गया है जिनका हम हर रोज इस्तेमाल करते हैं।

ऑस्ट्रेलिया में ऐसी कई गिरफ्तारियां की गयी हैं जहां संदिग्ध आतंकवादियों ने बम बनाने में उपयोग करने के लिए आम रसायनों की खरीद करने की कोशिश की है।

हम सभी इसे फिर से होने से रोकने के लिए कुछ न कुछ कर सकते हैं। यदि आप ऐसा कुछ देखें जो सही नहीं लगता है, तो आपको उस अहसास पर विश्वास करना चाहिए।

राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन को कॉल करें और हमारे प्रशिक्षित ऑपरेटरों को बताएं कि आपने क्या देखा है और आपको वह संदिग्ध क्यों लगता है।

कैसे रसायन?

वर्तमान में ऐसे 96 रसायन हैं जो सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक हैं। आम उर्वरक, पूल में प्रयोग किए जाने वाले और ब्लीच जैसे कई रसायन आपके घर के आस-पास पाए जा सकते हैं।

पूरी सूची **www.chemicalsecurity.gov.au** पर उपलब्ध है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन पर करनी चाहिए। अगर आपको संदेह हो, तो इसकी रिपोर्ट करें।

संदिग्ध व्यवहार के उदाहरण

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको अपने सहज ज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। अगर कुछ संदिग्ध लगता है तो यह बेहतर है कि आप अपनी चिंताओं पर कार्रवाई करें और हॉटलाइन पर कॉल करें।

आप गुमनाम रह सकते/सकती हैं और हमारे प्रशिक्षित ऑपरेटर यह जानना चाहेंगे कि आपने क्या देखा है और आपको यह संदिग्ध क्यों लगता है।

जिस तरह की बातों के लिए आपको जागरुक रहना चाहिए, वे हैं:

- कोई व्यक्ति पूल के रसायनों का भंडारण कर रहा है, लेकिन उसके घर में पूल नहीं है।
- खाली रासायनिक कंटेनरों से भरा बिन
- रासायनिक गंध
- रसायनों का असाधारण संग्रहण, भंडारण या निपटान
- भंडारण की सुविधाओं और कारखानों के आस-पास संदिग्ध व्यवहार।

याद रखें, ये बस कुछ ही ऐसे उदाहरण हैं जो संदिग्ध गतिविधि दर्शाते हैं। हमेशा अपने सहज ज्ञान पर भरोसा करें। यदि कुछ सही नहीं लगता है, तो हॉटलाइन पर फोन करें और हमें अपनी चिंताओं के बारे में बताएं। हो सकता है कि आपकी जानकारी वह छोटा सा अंश हो जो एक बड़ी तस्वीर को पूरा करने के लिए आवश्यक हो।

ऑस्ट्रेलिया को आतंकवाद से सुरक्षित रखने में सहायता करें।

Australian Government

राष्ट्रीय सुरक्षा हॉटलाइन

1800 1234 00

प्रशिक्षित ऑपरेटर सभी कॉल को गंभीरता से लेते हैं।
आप गुमनाम रह सकते/सकती हैं।

www.chemicalsecurity.gov.au